# बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)

## यूथ रेडक्रॉस सोसायटी

## 2016-17

शैक्षणिक सत्र 2016-17 में यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्यों की बैठक दिनांक 30.08.2016 को कक्ष क्रमांक 24 में रखी गई। बैठक में सत्र के दौरान किये जाने वाले कार्यों पर चर्चा हुई। सत्र के दौरान निम्न गतिविधियां यूथ रेडक्रॉस द्वारा किया गया:-

01. दिनांक 04.10.2016 को डॉ. पूनम साहू फिजियोथेरेपिस्ट संतोष हॉस्पिटल एवं न्यूट्रीशन सेन्टर के संचालक द्वारा पोषण एवं आहार पर व्याख्यान दिया गया।

02. दिनांक 18.11.2016 से 23.11.2016 तक भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी राज्य शाखा द्वारा आयोजित एम. एम. आर. एवं Mock Drill प्रशिक्षण में वत्सल कुमार एवं खिलेन्द्र कुमार बी.ए. भाग- एक भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया जो मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कक्ष धमतरी में सम्पन्न हुआ।

03. दिनांक 04.12.2016 को महाविद्यालय के प्राथमिक उपचार कक्ष में रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 202 छात्र-छात्राओं का रक्त समूह एवं सिकलसेल परीक्षण किया गया। जिसमें जिला चिकित्सालय के पैथालॉजी विभाग के तकनीशियनों का सहयोग रहा।

04. भारतीय रेडक्रॉस द्वारा दिनांक 27.01.2017 से 31.01.2017 तक जतनी खोरधा (उड़ीसा) में अंतर्राज्यीय यूथ रेडक्रॉस सोसायटी अध्ययन एवं प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया, जिसमें महाविद्यालय के पांच छात्र छात्राओं ने भाग लिया और मैडल एवं प्रमाण पत्र प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। शिविर में विभिन्न राज्यों के वॉलेंटियर्स सम्मिलित हुये थे। जहाँ विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें मोहन ध्रुव ने वाद-विवाद में प्रथम, निबंध लेखन में द्वितीय पेंटिंग में तृतीय स्थान और सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ी नृत्य में योगिता, सीमा और ज्योति ने तृतीय स्थान प्राप्त कर चार मैडल एवं प्रमाण पत्र प्राप्त किये।

05. भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया, जिसमें प्राचार्य डॉ. चन्द्रशेखर चौबे, डॉ. मनदीप खालसा- प्राध्यापक अर्थशास्त्र, डॉ. प्रभा वेरूलकर-प्राध्यापक राजनीति विज्ञान, डॉ. हेमवती ठाकुर-सहायक प्राध्यापक इतिहास, श्रीमती पुष्पा वर्गीस सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान, डॉ. अमर सिंह साहू- सहायक प्राध्यापक भूगोल, प्रो. पी.सी. चौधरी- सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी, प्रो. एन.एस. देहारी- सहायक प्राध्यापक वनस्पति विज्ञान एवं श्री पी. बी. पराडकर द्वारा आजीवन सदस्यता ग्रहण की गई। श्रीमती रीता लकड़ा-सहायक प्राध्यापक गृह विज्ञान आजीवन सहभागी एवं डॉ. विनोद कुमार पाठक सहायक प्राध्यापक गणित एवं श्रीमती ग्रेस कुजूर सहायक प्राध्यापक भूगोल ने वार्षिक सदस्यता ग्रहण की।

महाविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य महाविद्यालय में आयोजित विविध गतिविधियों में अपनी सहभागिता प्रदान करते हैं।


रक्तदान शिविर
7.09.2016
स्थान - धमतरी
एड्स नियंत्रण समिति एवं पी.जी. कॉलेज धमतरी


Red Cross Society, Odisha State


दिनांक 30 -11- 2016





